इरेडा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

नई दिल्ली, 08 मार्च, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने महिला कर्मचारियों के सम्मान हेतु और सभी कार्य क्षेत्रों में महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पण सहित आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।

सभी महिला कर्मचारियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए, इरेडा के सीएमडी श्री प्रदीप कुमार दास ने रेखांकित किया कि "महिला कार्यबल का सपोर्ट करने के लिए, इरेडा चाइल्ड केयर लीव और मैटरनिटी लीव आदि जैसी कई नीतियों का पालन करती है। कंपनी महिला कर्मचारियों को विशेष सुविधाएं भी प्रदान करती है, जैसे किसी प्रतिष्ठित स्त्री रोग विशेषज्ञ (अंशकालिक) के साथ साप्ताहिक परामर्श और महिला योग शिक्षक द्वारा दैनिक योग सत्र आयोजित करती है। इसके अलावा, इरेडा संगठन में नेतृत्व की भूमिकाओं में लैंगिक समानता प्राप्त करने और कंपनी में महिला कर्मचारियों की प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जोकि वर्तमान में 24% है।" इरेडा के निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह, इरेडा की मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्रीमती मनीषा सक्सेना और इरेडा के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

इस उत्सव समारोह के एक भाग के रूप में, इरेडा द्वारा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईटीसी) की पूर्व अध्यक्ष सुश्री प्रवीण महाजन (आईआरएस, 1976 बैच) द्वारा संचालित एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। वे सीबीआईटीसी की पहली महिला और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की पहली महिला अध्यक्ष हैं। सुश्री महाजन ने कंपनी की महिला कर्मचारियों के साथ अपनी अनुभव और विचार साझा की। श्री राहुल चांडालिया, संस्थापक, रति फाइनेंस ने "भारत@75: महिलाओं के लिए वित्तीय स्वतंत्रता" पर प्रतिभागियों के साथ बातचीत

की। सक्षम सोशल वेलफेयर सोसाइटी की डॉ. रितु और डॉ. आरती ने "इंडिया @75: फ्रीडम फ्रॉम मेडिसिन" विषय पर महिलाओं को संबोधित किया। इरेडा की सीवीओ श्रीमती मनीषा सक्सेना ने भी महिला कर्मचारियों के साथ प्रेरक वार्ता के माध्यम से प्रोत्साहित किया।

"आज़ादी के अमृत महोत्सव" के उत्सव के क्रम में, आयोजित इस कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों की उत्साहजनक भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम का समापन, महिला कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ।